प्रादेशिक समाचार
दिनांक–17.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

राज्य में 23 फरवरी को होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। इस कड़ी में आज मेदिनीनगर में भाजपा नेताओं ने प्रशासन से 46 अति संवेदनशील बूथों पर पैरामिलिट्री फोर्स और सीसीटीवी की मांग की है।

****

पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी ने भी मेदिनीनगर नगर निगम चुनाव में निष्पक्ष मतदान के लिए सभी बूथों पर सीसीटीवी कैमरे और सीआरपीएफ की तैनाती की मांग की है। उन्होंने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर 11 उम्मीदवारों को सुरक्षा देने और संगठित अपराधियों पर लगाम कसने की अपील की।

****

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एआई पांचवीं औद्योगिक क्रांति है। नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दूसरे दिन मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह शिखर सम्मेलन जनसंख्या से जुड़ी बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है और युवाओं में एक नई ऊर्जा देखी जा सकती है।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय, इडी के दो अधिकारियों के खिलाफ पुलिस जांच और कार्रवाई पर लगी रोक को अगले आदेश तक बरकरार रखा है। आज हुई सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की अदालत ने राज्य सरकार की उस मांग को स्वीकार कर लिया, जिसमें उन्होंने ईडी के जवाब को पढ़ने के लिए समय मांगा था। मामले की अगली सुनवाई 24 फरवरी को होगी।

****

तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन.रवि आज देवघर पहुंचे, जहां उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और एसपी ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल ने बाबा मंदिर में पूजा–अर्चना की। इस दौरान सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

****

पाकुड़ पुलिस ने प्रोजेक्ट डिवाइस के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। एसपी निधि द्विवेदी ने चोरी और गुम हुए 19 मोबाइल उनके असली मालिकों को वापस लौटाए। ये धारक मुफस्सिल, पाकुड़िया और महेशपुर जैसे क्षेत्रों के हैं। पुलिस ने लोगों से भविष्य में मोबाइल के प्रति सतर्क रहने की अपील भी की है।

****

हजारीबाग में पांच हाथियों के झुंड ने आतंक मचा रखा है, जिससे अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है। वन विभाग वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया की मदद से हिंसक मादा हाथी को ट्रैंकुलाइज कर स्थानांतरित करने की तैयारी में है। प्रशासन ने ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने की सलाह दी है।

****

जमशेदपुर में मूलनिवासी संघ ने यूजीसी बिल लागू करने और जातिगत जनगणना की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सामाजिक न्याय में देरी का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन और उग्र होगा।

*******समाप्त********